# चालान बनाया तो विक्रेताओं ने सड़क पर फेंक दिए फल



सड़क पर फेंकी गई सब्जी व फल। ●नईदुनिया

रतलाम। कोरोना गाइड-लाइन के उल्लंघन पर निगम व राजस्व अमले द्वारा कार्रवाई कर जुर्माना वसूला जा रहा है। गुरुवार को महू रोड फव्वारा चौक पर एक ही स्थान पर फेरी लगाकर फल व सब्जी बेचने से मना करते हुए निगम के अमले ने जुर्माना वसूली तो विक्रेताओं ने नाराजगी जताते हुए फल व सब्जी सड़क पर फेंक दी।

आक्रोशित विक्रेताओं ने कहा कि हमें गली-मोहल्लों में जाने के लिए कहा जाता है, जबकि व्यापार मुख्य मार्ग पर होता है। लाकडाउन से आजीविका का संकट खड़ा हो गया है, निगम अमला आए दिन परेशान करता है।

## नाले में गिरी गाय को बचाया

रतलाम। संत रविदास चौक (करमदी नाका) से पहले खुले नाले में गुरुवार को एक गाय गिर गई। मार्ग से गुजर रहे करमदी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र राव व साथी संजय वर्मा ने पहल कर गाय को नाले से बाहर खिंचा तो कुछ लोग और मदद के लिए आगे आए। मशक्कत कर गौ माता को नाले से बाहर निकाला गया। पूर्व में भी इसी नाले में बहकर एक बच्चे की जान जा चुकी है। यह नाला हमेशा जाम रहता है।

18-6-21






## 2 नए पॉजिटिव, अब कुल संक्रमित 17457

रतलाम | कोरोना पॉजिटिव अब 5 से कम ही सामने आ रहे है। गुरुवार को 2 नए पॉजिटिव मिले हैं। इसी के साथ कुल संक्रमित 17457 हो गए। गुरुवार को मिली रिपोर्ट में शहर का एक भी पॉजिटिव नहीं है। सालाखेड़ी के 19 व पचेवा के 27 साल के युवक की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। 12 लोग ठीक भी हुए। अभी एक्टिव केस 169 है।

## मेडिकल कॉलेज में आई बैंक के लिए टीमें बनेंगी

रतलाम | मेडिकल कॉलेज में आई बैंक की स्थापना होना है। इसके लिए कॉलेज में सीएमई का आयोजन हुआ। अंधत्व निवारण के संयुक्त निदेशक डॉ. हेमंत सिन्हा मुख्य अतिथि थे। उन्होंने आई बैंक की तैयारियों का जायजा लिया। नेत्र प्रत्यारोपण के लिए नेत्र सहायकों, मेडिकल ऑफिसर व मेडिकल कॉलेज की टीम बनाई है। डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया आई बैंक की स्थापना ऐ कार्निया ब्लाइंड के मरीजों को फायदा होगा। अभी ऐसे केस इंदौर या वडोदरा रेफर करना पड़ते हैं। नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ. रविंद्रसिंह ने चिकित्सा पद्धति पर चर्चा की।

## मेडिकल कॉलेज में अब सिर्फ 35 मरीज बचे

रतलाम | मेडिकल कॉलेज में मरीजों की संख्या कमी हो रही है। गुरुवार को कॉलेज में सिर्फ 35 मरीज भर्ती थे। डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कॉलेज में 515 बेड खाली हो चुके हैं। गुरुवार को 2 मरीजों को डिस्चार्ज किया। 1 मरीज को भर्ती किया है। कॉलेज में पॉजिटिव मरीज 16 ही है।

## वेबकास के स्टेट टीम लीडर ने सीवरेज कार्यों का निरीक्षण किया

# सीवरेज के अंतिम चरण के शेष कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं- निगमायुक्त

### वेबकास, रेलवे, सेतु निगम के अधिकारियों से की चर्चा

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

सीवरेज की समस्या से मुक्ति दिलाने हेतु नगर में डाली जा रही सीवरेज लाइन के तहत अंतिम चरण के कार्यों को शीघ्र पूरा किए जाने हेतु वेबकास के स्टेट टीम लीडर उदय रोमन ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सीवरेज कार्यों का निरीक्षण किया।

रतलाम शहर में सीवरेज कार्य शीघ्र कराए जाने व कार्य में आ रही कठिनाइयों को दूर करने हेतु नगरीय प्रशासन विकास के प्रमुख अभियंता द्वारा उदय रोमन को रतलाम भेजा गया। श्री रोमन द्वारा निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के साथ निरीक्षण उपरान्त वेबकास, रेलवे, सेतु निगम, नगर निगम के अधिकारियों को बैठक ली। निगमायुक्त ने सिवरेज के अंतिम चरण के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने को कहा। बैठक में श्री झारिया ने रेलवे के डिविजनल इंजीनियर आलोक श्रीवास्तव से चर्चा की कि रेलवे इंस्टीट्यूट से लक्ष्मणपुरा तिराहे तक 250 मीटर, महू रोड बस स्टैण्ड स्थित रेलवे पुलिया के नीचे से 150 मीटर, डोसीगांव से शिव नगर वाया औद्योगिक क्षेत्र 1700 मीटर व गोमदड़े की पुलिया से कस्तूरबा नगर तक 850 मीटर पाइप लाइन बिछाया जाना शेष है जिसे शीघ्र पूरा किया जाकर नगर को गन्दे पानी की समस्या से मुक्त किया जाना है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि रेलवे के वरिष्ठ कार्यालय व वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर भूमि उपयोग शुल्क का आंकलन कर नगर निगम को प्रेषित करेंगे व नगर निगम द्वारा शुल्क जमा कराए जाने के बाद कार्य की अनुमति दी जाएगी। श्री झारिया ने बताया कि महू रोड बस स्टैंड रेलवे पुलिया से पाइप लाइन निकाले जाने हेतु नगर निगम द्वारा 60,88,525 रु.की राशि रेलवे को जमा करा दी गई है। सुभाष नगर ब्रिज से हाट की चौकी चौराहा तक सीवरेज पाइप लाइन डालने हेतु श्री झारिया ने सेतु निगम के एसडीओ आर.के. गुप्ता ने बताया कि उक्त क्षेत्र के भवन हटाए जाने के पश्चात सीवरेज लाइन डाले जाने हेतु भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। भवन स्वामियों को भवन तोड़ने हेतु 2 माह पूर्व ही नोटिस दिया जा चुका है यदि वे स्वयं भवन को नहीं गिराते हैं तो सेतु निगम द्वारा भवनों को गिराया जाएगा। 18-6-21



### 38 क्षेत्रों के 18 हजार 900 हाउस कनेक्शन


धोलावाड़ सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पूर्ण है व कुछ दिनों में प्रारंभ किया जा सकता है। इस अवसर पर बताया गया कि नगर में अब तक 38 क्षेत्रों के 18 हजार 900 हाउस कनेक्शन किए जा चुके हैं। शेष कनेक्शन शीघ्र पूर्ण किए जाएंगे ताकि ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़े क्षेत्रों के 100 प्रतिशत घरों का गन्दा पानी प्लांट में आए व उस पानी का ट्रीटमेंट किया जाकर पानी को रीयूज में लाया जा सके।

### सीवरेज पाइप लाइन का कार्य शेष है

सीवरेज कार्य निविदाकार के इंजीनियर द्वारा बैठक में बताया कि स्टेशन रोड मनोहर होटल गली क्षेत्र में 450, कालिका माता एरोकेम फैक्ट्री के पीछे 200, मंगलम सिटी मेन रोड पर 320, जैन कालोनी में 150 व वीआईपी रोड कलेक्टर बंगले के सामने 900 मीटर सीवरेज पाइप लाइन डाले जाने का कार्य शेष है। निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि उक्त स्थलों पर पाइप लाइन डाले जाने का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए ताकि नागरिकों को आवागमन में असुविधा ना हो।

# फल विक्रेताओं में आक्रोश : फल और सब्जी सड़क पर फेंक किया प्रदर्शन, जहर खाकर खुदकुशी करने की धमकी दी

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम





गुरुवार को नगर निगम की चालानी कार्रवाई को लेकर आक्रोशित फल-सब्जी विक्रेताओं ने सड़क पर फल और सब्जी फेंक कर विरोध जताया। फल विक्रेताओं का आरोप है नगर निगम के कर्मचारी और पुलिसकर्मी उन्हें परेशान कर रहे हैं। अनलॉक होने के बाद भी उन्हें काम नहीं करने दिया जा रहा है।

नाराज फल-सब्जी विक्रेताओं ने जहर खा लेने की धमकी तक निगम प्रशासन को दे डाली है। दरअसल जिले में लॉक डाउन के बाद 1 जून से लागू अनलॉक में फल और सब्जी विक्रेताओं को फेरी लगाकर फल सब्जी बेचने की छूट दी गई है, लेकिन एक जगह ठेला लगाने या दुकान लगाने पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है, वहीं मास्क नहीं लगाने व रूल ऑफ सिक्स का पालन नहीं करने पर भी कार्रवाई हुई है। नगर निगम और प्रशासन की इसी सख्ती के विरोध में गुरुवार को फल और सब्जी विक्रेता लामबंद हो गए। शहर के फव्वारा चौक क्षेत्र में फल और सब्जी विक्रेताओं ने सड़क पर फल और सब्जी फेंक कर आक्रोश व्यक्त किया है।

फल सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि 2 महीने के लॉक डाउन में पहले ही धंधा चौपट हो चुका है। छोटे-मोटे दुकानदार आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। ऐसे में नगर निगम के कर्मचारी बेवजह फल-सब्जी का ठेला लगाने वालों को परेशान कर रहे हैं। दिन भर मेहनत करके कमाई गई राशि चालानी कार्रवाई कर वसूल लेते हैं।

फल-सब्जी विक्रेताओं ने जहर खा लेने तक की चेतावनी नगर निगम के अधिकारियों को दी है। बहरहाल, फल-सब्जी विक्रेताओं ने सड़क पर फल फेंक कर विरोध प्रदर्शन किया है। प्रशासन से सख्ती नहीं करने की गुहार भी लगाई है।

# रविदास चौक पर नाले में डूब रही गाय को बचाया



रतलाम | बारिश के दौरान गुरुवार शाम संत रविदास चौक के पास एक गाय नाले में फंस गई। गाय ने बाहर निकलने का प्रयास किया लेकिन पानी का बहाव तेज होने से वो बाहर नहीं निकल पाई। इस पर लोगों की भीड़ लग गई। तभी ऊपर से बाइक से गुजर रहे करमदी विकास समिति के जितेंद्र राव और संजय वर्मा ने गाय को डूबते देखा। दोनों बाइक से उतरे और उसे बचाने में

पत्रिका 18.6

निगम आयुक्त ने किया स्थल निरीक्षण

# निगम की वर्कशॉप जाएगी पलसोड़ा



रतलाम. नगर निगम कार्यालय स्थित वर्कशॉप को पलसोड़ा स्थित सिटी ट्रांसपोर्ट स्थल पर शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए उपलब्ध भूमि के स्थल का निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने अधिनस्थ अधिकारियों के साथ गुरुवार दोपहर को निरीक्षण किया है।

इस दौरान आयुक्त झारिया ने कहा कि कच्चे स्थल पर मुरम डालकर समतलीकरण व रोलिंग करवाई जाये साथ ही गाड़ियों की सुरक्षा हेतु शेड का कार्य शीघ्र किया जाए। बंजली में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लेट निर्माण कार्य का निरीक्षण किये जाने पर अचार फेक्ट्री द्वारा गंदगी फैलाये जाने पर संबंधित को नोटिस देने का निर्णय हुआ। इसके साथ ही बंजली में आवंटित भूमि का सीमांकन किये जाने के साथ ही रोड व बिल्डिंग निर्माण का कार्य शीघ्र पुरा किये जाने को कहा। टैंकर रोड पर चल रहे सीवरेज कार्य का निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने निविदाकार के इंजीनियर व सुपरवाईजर को कहा बारिश प्रारंभ होने वाली है इस हेतु सीवरेज का कार्य शीघ्र पूर्ण करें ताकि आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न ना हो। इसकेअलावा दो बत्ती पर चल रहे सिटी फोरलेन निर्माण के दौरान शनिवार रात को भी काम करवाने को कहा। सफाई कर्मचारियों के नाम के साथ नंबर वार्ड नंबर 32 व 34 में फ्लैक्स में नहीं पाए जाने पर नंबर लिखने को कहा व जो नंबर नहीं दे उनकी सेवा समाप्त करने को कहा।

# पलसोड़ा में शिफ्ट होगी नगर निगम की वर्कशाप

रतलाम। नगर निगम कार्यालय की वर्कशाप को पलसोड़ा स्थित सिटी ट्रांसपोर्ट के लिए उपलब्ध भूमि पर शिफ्ट करने के लिए नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने गुरुवार को स्थल निरीक्षण कर कच्चे स्थल पर मुरम डालकर समतलीकरण व रोलिंग करवाकर गाड़ियों की सुरक्षा के लिए शेड बनाने के निर्देश दिए। बंजली में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लेट निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के दौरान अचार फैक्ट्री द्वारा गंदगी फैलाए जाने पर संबंधित को नोटिस देने के निर्देश दिए। दो बत्ती पर निर्माणाधीन फोरलेन को लेकर ठेकेदार को रविवार को लाकडाउन होने से शनिवार रात से कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। वार्ड 32 व 34 में फ्लेक्स पर कई कर्मचारियों के मोबाइल नंबर दर्ज नहीं होने पर निगम आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी व जोन प्रभारी पर्वत हाड़े को निर्देशित किया कि जो कर्मचारी मोबाइल नंबर नहीं देता है उसे बर्खास्त किया जाएगा। कोर्ट तिराहे से फव्वारा चौक के निरीक्षण के दौरान सड़क के दोनो ओर कचरा, गंदगी व अस्थाई अतिक्रमण पाए जाने पर निगम आयुक्त स्वयं उपस्थित रहकर फुटपाथ व नालियों की सफाई करवाकर अतिक्रमण हटवाया।

## दीनदयाल रसोई केन्द्र आज से शुरू

18.6

रतलाम. नगर निगम द्वारा त्रिपोलिया गेट पर संचालित दीनदयाल रसोई योजना केन्द्र शुक्रवार से शुरू किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि इस केंद्र में हितग्राही मात्र 10 रुपये में भोजन कर सकते हैं। पत्रिका

## अमृत सागर तालाब के सुंदरीकरण की मांग

रतलाम। शहर का अमृत सागर तालाब इन दिनों गंदगी और मवेशियों की शरण स्थली बना हुआ है। हरिओम भक्त मंडल के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने तालाब के सुंदरीकरण को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि तालाब की साफ-सफाई करवाकर गहरीकरण किया जाना चाहिए। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए तालाब के चारों ओर पौधारोपण करना चाहिए। इसके लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इसमें रवि पाटीदार, शंकर स्वामी, पंकज, हेमंत सुनावा, प्रकाश यादव, हरीश शर्मा, सत्यनारायण शर्मा सहयोग प्रदान कर रहे हैं। 18/6

# सड़क के लिए टूटेगी उद्यान की बाउंड्रीवाल

## कान्वेंट तिराहे से आनंद कालोनी पुलिया मार्ग पर दोनों ओर फुटपाथ भी बनेगा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत कान्वेंट स्कूल तिराहे से आनंद कालोनी पुलिया तक निर्माणाधीन सड़क अब 12 मीटर चौड़ी बनेगी। सड़क की चौड़ाई पूरी करने के लिए कालिका माता उद्यान की बाउंड्रीवाल को तोड़कर पीछे नए सिरे से बनाया जाएगा। इसका खर्च निर्माण एजेंसी उठाएगी।

गुरुवार को मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में बन रही सड़कों का निरीक्षण कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गेहलोत व नगर निगम इंजीनियरों के साथ किया। निरीक्षण के निगम आयुक्त ने कान्वेंट तिराहे की सड़क को लेकर कलेक्टर को बताया कि मास्टर प्लान के तहत 12 मीटर चौड़ाई की सड़क का निर्माण किया जाना है। विधायक चेतन्य काश्यप के निर्देशानुसार बच्चों की सुविधा के लिए सड़क के दोनों ओर फुटपाथ बनाए जाना है। तिराहे पर 12 मीटर चौड़ाई है, लेकिन आगे एक स्थान पर तीन मीटर व एक अन्य स्थान चार मीटर भूमि कम पड़ रही है। कलेक्टर ने सड़क की नपती करवाकर निर्देशित किया कि पत्तरों से फेंसिंग कर बाउंड्रीवाल व सड़क निर्माण का कार्य साथ-साथ किया जाए ताकि कम समय में दोनों कार्य पूर्ण हो जाए। निर्माण व्यय आर्यवृत कंपनी स्वयं वहन करेगी। निर्माण दौरान कम से कम पेड़ कटे इसका विशेष ध्यान रखा जाए।



कान्वेंट स्कूल के बाहर निरीक्षण करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। • नईदुनिया

### हैप्पनिंग गार्डन बनेगा

कालिका माता मंदिर के सामने वाले उद्यान के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि इस उद्यान को हैप्पनिंग गार्डन के रूप में विकसित कर नागरिकों के बैठने के लिए बैंच लगवाई जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जीके जायसवाल, सत्यप्रकाश आचार्य, सहायक यंत्री श्याम सोनी, आर्यवृत प्रोजेक्ट इंजीनियर आदि उपस्थित थे।

### निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान रखें

कलेक्टर ने सड़क निर्माण को लेकर आर्यवृत कंपनी के प्रतिनिधि को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण उच्च गुणवत्ता का होना चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मालूम हो कि इस मार्ग का निर्माण बेहद धीमी गति से चल रहा है। देरी होने पर फर्म को ब्लैक लिस्टेड करने की प्रक्रिया भी की जा रही है। इधर कंपनी ने बुधवार को हल्की बारिश के बीच ही सड़क के डामरीकरण की शुरुआत कर दी थी, जबकि बारिश में डामर की सड़क का निर्माण नहीं किया जाता है। नईदुनिया में गुरुवार को इस लापरवाही को उजागर किया गया था।

**गाइडलाइन** • राज्य सरकार द्वारा रजिस्ट्रेशन की सीमा 30 जून तक आगे बढ़ाने का लोगों को नहीं मिल रहा फायदा

# लॉकडाउन में गुजरा अप्रैल-मई, रोज के 48 स्लॉट ही होने से अटक रहीं रजिस्ट्रियां, इन्हें बढ़ाकर फिर 100 करना जरूरी

### वर्तमान गाइडलाइन से रजिस्ट्री के 13 दिन ही हैं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

राज्य सरकार ने वर्तमान गाइडलाइन की समय सीमा बढ़ाकर भले 30 जून तक कर दी है, लेकिन स्लॉट की संख्या सीमित होने से लोगों की परेशानी दूर नहीं हो रही है। पुरानी गाइडलाइन को भले आगे बढ़ा दिया है, लेकिन लोगों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे में स्लॉट की संख्या या वर्तमान गाइडलाइन की आखिरी तारीख नहीं बढ़ाई तो कई लोगों को 1 जुलाई से रजिस्ट्री के एवज में ज्यादा दाम चुकाना पड़ेंगे।

हर बार अप्रैल से नई गाइडलाइन लागू होती है। कोरोना को देखते हुए लोगों को राहत देने के लिए राज्य सरकार ने वर्तमान गाइडलाइन को 30 जून तक के लिए आगे बढ़ा दिया। 9 अप्रैल से शहर में लॉकडाउन लग गया। यह 31 मई तक चला। अप्रैल और मई में लोग रजिस्ट्री नहीं करा पाए। अब रजिस्ट्री कराने जा रहे हैं तो हो नहीं रही। वजह स्लॉट सीमित होना है। शहर में आम दिनों में 60 से 70 रजिस्ट्रियां रोज होती है। वर्तमान में 48 रजिस्ट्री रोज हो रही है। लोगों का रजिस्ट्री के लिए नंबर नहीं आ पा रहा है। वर्तमान गाइड लाइन के अनुसार 13 दिन और रजिस्ट्री होना है। ऐसे में यदि वर्तमान गाइड लाइन की आखिरी तारीख नहीं बढ़ाई दिक्कत होगी। कई लोग रजिस्ट्री ही नहीं करा पाएंगे और उन्हें 1 जुलाई से ज्यादा दाम चुकाना होंगे। स्लॉट की संख्या बढ़ाकर 100 कर दी जाए तो भी लोगों को राहत मिल सकती है।

### गाइडलाइन 31 जुलाई तक बढ़ाने की मांग

गाइडलाइन की आखिरी तारीख 30 जून नजदीक आने और लोगों की रजिस्ट्रियां नहीं होने से गाइडलाइन को एक महीने और आगे बढ़ाने की मांग तेज हो गई है। रतलाम प्रापर्टी क्लब अध्यक्ष राजेश चौहान ने बताया अप्रैल और मई तो लॉकडाउन में गुजर गया। लोग रजिस्ट्री नहीं करा पाए। रजिस्ट्री हो रही तो स्लॉट की बुकिंग नहीं हो रही है। लोग रजिस्ट्री नहीं करा पा रहे हैं। इससे वर्तमान गाइडलाइन आगे नहीं बढ़ाई तो लोग रजिस्ट्री से वंचित रह सकते हैं। इससे वर्तमान गाइडलाइन को एक महीने आगे बढ़ाकर 31 जुलाई करना चाहिए। नहीं तो फिर लोगों पर भार बढ़ जाएगा।

18-6-21

# उकाला रोड सीसी फोरलेन के बंद पड़े कार्य को लेकर मिल रहा केवल आश्वासन



**रतलाम** ● शहर के मुख्य मार्गों की तरह उकाला रोड भी शहर में वाहनों के लिए प्रवेश के लिए प्रमुख मार्ग है। खराब रोड की वजह से रहवासियों को हो रही परेशानी की वजह से जिला कलेक्टर से लेकर विधायक और नगर निगमायुक्त तक को कार्य शुरू करवाने हेतु पत्र भेजा गया किन्तु सभी अधिकारियों का एक ही जवाब मिला, आश्वासन। इसी मामले को लेकर क्षेत्र के रहवासी भरत शर्मा ने उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव को उकाला सीसी फोरलेन के कई माह से बंद पड़े हुए मार्ग को लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से अवगत कराया। जिस पर मंत्री यादव ने भी सभी अधिकारियों की तरह एक ही जवाब दिया मैं देखता हूं।

2021 18-6-21

# वेबकास के स्टेट टीम लीडर उदय रोमन द्वारा सीवरेज कार्यों का निरीक्षण

**- सीवरेज के अंतिम चरण के शेष कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाए, निगम आयुक्त झारिया ने बैठक में दिए निर्देश - वेबकास, रेलवे, सेतु निगम के अधिकारियों से की चर्चा**

प्रातारण न्यूज़ * रतलाम 18-6-21

सीवरेज की समस्या से मुक्ति दिलाने हेतु नगर में डाली जा रही सीवरेज लाईन के तहत अंतिम चरण के कार्यों को शीघ्र पुरा किये जाने हेतु विधायक शहर चेतन्य काश्यप व कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने वेबकास के स्टेट टीम लीडर उदय रोमन के साथ नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सीवरेज कार्यों का निरीक्षण किया।

शहर में सीवरेज कार्य शीघ्र कराये जाने व कार्य में आ रही कठिनाईयों को दूर करने हेतु नगरीय प्रशासन विकास के प्रमुख अभियंता द्वारा वेबकास के स्टेट टीम लीडर उदय रोमन को रतलाम भेजा गया। श्री रोमन द्वारा श्री झारिया के साथ नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सीवरेज कार्यों को देखा व कार्य में कमी व कठिनाईयों को दूर करने हेतु निरीक्षण उपरान्त वेबकास, रेलवे, सेतु निगम, नगर निगम के अधिकारियो की बैठक ली।



आयोजित बैठक में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने रेलवे के डिविजनल इंजीनियर आलोक श्रीवास्तव से चर्चा की कि रेलवे इंस्टीट्यूट से लक्ष्मणपुरा तिराहे तक 250 मीटर, महू रोड बस स्टैण्ड स्थित रेलवे पुलिया के नीचे से 150 मीटर, डोसीगांव से शिव नगर वाया औद्योगिक क्षेत्र 1700 मीटर व गोमदड़े की पुलिया से कस्तुरबा नगर तक 850 मीटर पाईप लाईन बिछाया जाना शेष है जिसे शीघ्र पुरा किया जाकर नगर को गन्दे पानी की समस्या से मुक्त किया जाना है। श्रीवास्तव ने कहा कि रेलवे के वरिष्ठ कार्यालय व वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर भूमि उपयोग शुल्क का आंकलन कर नगर निगम को प्रेषित करेंगे व नगर निगम द्वारा शुल्क जमा कराये जाने के बाद कार्य की अनुमति दी जायेगी।

सुभाष नगर ब्रीज से हाट की चौकी चौराहा तक सीवरेज पाईप लाईन डालने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने सेतु निगम के एस.डी.ओ. आर.के. गुप्ता ने बताया कि उक्त क्षेत्र के भवन हटाये जाने के पश्चात सीवरेज लाईन डाले जाने हेतु भूमि उपलब्ध कराई जायेगी भवन स्वामियों को भवन तोड़ने हेतु 2 माह पूर्व ही नोटिस दिया जा चुका है यदि वे स्वंय भवन को नहीं गिराते हैं तो सेतु निगम द्वारा भवनों को गिराया जायेगा।

आयोजित बैठक में बताया गया कि खेतलपुर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पूर्ण है व कुछ दिनों में प्रारंभ किया जा सकता है। इस अवसर पर बताया गया कि नगर में अब तक 38 क्षेत्रों के 18 हजार 900 हाउस कनेक्शन किये जा चुके हैं शेष कनेक्शन शीघ्र पूर्ण किये जायेंगे ताकि ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़े क्षेत्रों के 100 प्रतिशत घरो का गन्दा पानी प्लांट में आये व उस पानी का ट्रीटमेंट किया जाकर पानी को रीयूज में लाया जा सकें।

सीवरेज कार्य निविदाकार के इंजीनियर द्वारा बैठक में बताया गया कि स्टेशन रोड मनोहर होटल गली क्षेत्र में 450, कालिका माता एरोकेम फेक्ट्री के पीछे 200, मंगलम सिटी मेन रोड पर 320, जैन कालोनी में 150 व वीआईपी रोड कलेक्टर बंगले के सामने 900 मीटर सीवरेज पाईप लाईन डाले जाने का कार्य शेष है।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि उक्त स्थलों पर पाईप लाईन डाले जाने का कार्य शीघ्र पुरा किया जाये। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि शेष रिस्टोरेशन का कार्य भी शीघ्र पुरा किया जाये ताकि नागरिकों को आवागमन में असुविधा ना हो। आयोजित बैठक में वेबकास के टीम लीडर उदय रोमन, आर.ई. रतलाम संदीप बाथम, ए.आर.आई. उज्जैन मोहित शर्मा, फील्ड इंजीनियर वैभव शर्मा, गिरिश सिंह सोलंकी, उपयंत्री राजेश पाटीदार, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, निज सहायक सुभाष गोयल, सीवरेज निविदाकार के इंजीनियर हरीश डामोर आदि उपस्थित थे।

## बैण्डबाजे व ढोल विवाह स्थल पर उपयोग हो सकेंगे : काश्यप

रतलाम। कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिए अनलॉक के दौरान लागू प्रतिबंधात्मक आदेश में जनहित हेतु छूट दी जा रही है। इसके तहत 17 जून से विवाह स्थल पर ढोल एवं बैण्डबाजों की अनुमति रहेगी। विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि कोरोना गाईड लाईन का पालन करते हुए विवाह आयोजक बैण्डबाजों एवं ढोल का उपयोग कर सकेंगे। श्री काश्यप ने बताया कि आमजन की जागरूकता, प्रशासन की सख्ती एवं व्यापारियों के सहयोग से रतलाम जिले में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण पाने में सफलता मिली है। निकट भविष्य में कोरोना की तीसरी लहर आने की आशंका है इसलिए आमजन लापरवाही ना बरतें और कोरोना के अनुशासन का सख्ती से पालन करते हुए प्रतिबंधों में दी गई छूट का लाभ उठाएं। इससे कोरोना महामारी को रोका जा सकेगा और भविष्य में जनजीवन भी सामान्य रखने में मदद मिलेगी।

इ. भभा।

## रोको टोको अभियान के तहत निःशुल्क मास्क वितरित



रतलाम। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मैं कोरोना वॉलेंटियर्स अभियान के तहत कोरोना वॉलेंटियर्स के द्वारा कोर्ट चौराहे रतलाम पर बिना मास्क लगाये, गमछा या रुमाल बांधकर निकल रहा है। लोगों को रोको टोको अभियान के तहत मास्क लगाने की समझाइश दी गई तथा निःशुल्क मास्क का वितरण किया गया। इस अवसर संभाग समन्वयक शिवप्रसाद मालवीय ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सामाजिक दूरी, मास्क लगाना और हाथ धुलाई तीन उपाय हैं, जिनसे कोरोना के संक्रमण से बचा जा सकता है और हर एक का वैक्सीनेशन के प्रेरित करना आवश्यक है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, विकासखंड समन्वयक रतनलाल चरपोटा, युवराजसिंह पवार, शैलेंद्रसिंह सोलंकी, महावीर दास बैरागी, कुणाल राठौर, रूपेश परमार, खुशबू गडवानी, कीर्ति यादव, राधे पडियार, दीपेंद्र वर्मा उपस्थित रहे।

दे.भा.

# दो नए पाजिटिव और 12 डिस्चार्ज

रतलाम। जिले में कोरोना पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है। जून माह के 17वें दिन गुरुवार को दो नए पाजिटिव केस सामने आए। 12 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 169 है। जिले में अब तक 17457 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 16977 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है।

शासकीय मेडिकल कालेज हास्पिटल से गुरुवार दो मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि एक नए मरीजों को भर्ती किया गया। वर्तमान में 35 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। इनमें 16 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 515 है। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार अब तक टोटल रिसीव्ड 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कन्ज्यूम्ड 5961, करंट स्टाक 62 है।

एल आइसी अभिकर्ताओं

# 21 जून से महाअभियान, सात दिन में डेढ़ लाख टीके लगाए जाएंगे

रतलाम। जिले में कोरोना टीकाकरण महाअभियान 21 जून को केंद्रों पर जनप्रतिनिधियों, प्रतिष्ठित नागरिकों की उपस्थिति में शुरू होगा। अभियान के दौरान एक सप्ताह में डेढ़ लाख टीके लगाए जाएंगे। 18 प्लस आयु वर्ग के लिए पर्याप्त मात्रा में टीकों की व्यवस्था रहेगी। टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने गुरुवार शाम वीसी में जिले के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। बैठक में एसपी गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सभी आवश्यक बैठकों का आयोजन प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 जून से पूर्व करने के निर्देश दिए। टीकाकरण अभियान के दौरान उन वृद्धजनों का घर पहुंचकर टीकाकरण किया जाएगा जो केंद्र पर आने में असमर्थ रहेंगे। टीकाकरण के महा अभियान के लिए क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करेंगे। इंटरनेट मीडिया पर प्रचार किया जाए। टीकाकरण महाअभियान की शुरुआती दिन से ही कार्यक्रम की हर एक घंटे में प्रगति संबंधी नियमित समीक्षा की जाएगी।

**हर वार्ड में केंद्र बनेगा**

कलेक्टर ने सभी एसडीएम निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में टीकाकरण अभियान का पूर्व से प्लान कर लें, शहरी क्षेत्रों में हर वार्ड में टीकाकरण केंद्र की सुविधा दी जा रही है। वहां बगैर स्लाट बुकिंग के 18 प्लस आयु वर्ग का टीकाकरण किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र के लिए भी एसडीएम कार्य योजना तैयार करेंगे। अभियान के दौरान एक दिन पूर्व से ही नागरिकों ग्रामीणों को पता होगा कि उनके यहां पर कैंप लगने वाला है। अभियान 30 जून तक चलेगा। हर केंद्र पर प्रेरक के रूप में जनप्रतिनिधि, डाक्टर, वकील, खिलाड़ी, पद्मश्री सम्मान से सम्मानित व्यक्ति, लेखक, चिंतक साहित्यकार आदि नामांकित किए जाएंगे।



**टीकाकरण का लक्ष्य इस तरह**

| | |
|---|---|
| रतलाम शहर | 60000 |
| जावरा | 30000 |
| रतलाम ग्रामीण | 20000 |
| आलोट तथा ताल | 20000 |
| सैलाना व बाजना | 20000 |

### शहर में आज छह केंद्रों पर होगा टीकाकरण

टीकाकरण प्रोत्साहन पहल के लिए रतलाम शहर में सब्जी फरोश जमातखाना सायर चबूतरा मस्जिद के सामने तथा मदरसा तालीमुन हाट रोड रतलाम पर टीकाकरण किया जाएगा। यहां 18 वर्ष से 44 वर्ष आयु समूह के लोगों को 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को साथ लाकर टीकाकरण कराने पर प्री बुकिंग कराना अनिवार्य नहीं है। इसके अतिरिक्त रतलाम शहर के पुराना कलेक्ट्रेट में को-वैक्सीन व आइस्मर हाल राजेंद्र नगर में कोविशील्ड का दूसरा टीका लगाया जाएगा। सभी विभागों के शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के लिए कलेक्टोरेट में व रतलाम ग्रामीण के पीपलखूंटा ग्राम में राष्ट्रीय जैन संत के कार्यक्रम स्थल पर विशेष टीकाकरण सत्र का आयोजन किया गया है।

नई दुनिया

# कचरे के ढेर पड़े नाले में फंसी गाय, जान जोखिम में डाल मुस्लिम युवाओं ने बचाया



रतलाम। मामूली बारिश ने शहर के नालों की सफाई की पोल खोल दी, जिसमें कचरे में फंसकर एक गाय की जान जाते-जाते बची। हरमाला रोड पर ताज स्टोन के सामने जबरदस्त कचरे से अटे पड़े नाले में थोड़ी सी बारिश के कारण एक गाय फंस गई थी। मुस्लिम युवाओं को कचरे में फंसी गाय अपने जीवन के लिए संघर्ष करते दिखाई दी, तो उन्होंने बिना देर किए गंदगी में अटे पड़े नाले में उतर कर 6-7 लोगों ने रस्सी और अपने श्रम के सहारे कचरे में फंसी गाय को बाहर निकाल कर उसकी जान बचाई, जिसके क्षेत्रवासियों सहित शहर के लोगों ने भूरी भूरी प्रशंसा की। नगर निगम को इस घटना से सबक लेकर युद्ध स्तर पर नालों की सफाई करवाना चाहिए, नहीं तो किसी दिन कचरे से अटे पड़े नाले किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन जाएंगे।

# एक सप्ताह में दूसरी बार स्वास्थ्य अधिकारी को जारी किया नोटिस

रतलाम. स्वच्छता के लिए कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने कमर कसी हुई है। इसके बाद आयुक्त सोमनाथ झारिया भी प्रतिदिन वार्डों में निरीक्षण कर रहे है। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान गंदगी मिलने के बाद स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी सहित अन्य को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। बता दे कि एक सप्ताह में दूसरी बार स्वास्थ्य अधिकारी को वेतन वृद्धि रोकने का नोटिस जारी किया गया है।

निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि कोर्ट तिराहे से फव्वारा चौक के निरीक्षण के दौरान 4 लेन सड़क के कचरा, गंदगी, अतिक्रमण पाये जाने पर स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह व झोन प्रभारी पर्वत हाड़े की एक वेतनवृद्धि रोके जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। जन्म-मृत्यु शाखा में कार्यरत कर्मचारी संदीप कुमार द्वारा मृत्यु प्रमाण-पत्र ऑन लाईन पेंडिग रखे जाने पर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया है।

पत्रिका 18-6-21

# स्वास्थ्य अधिकारी सिंह, जोन प्रभारी हाड़े पर कार्रवाई, एक वेतनवृद्धि रोकी

18-6

रतलाम | कोर्ट तिराहे से फव्वारा चौक फोरलेन पर दोनों तरफ कचरा, गंदगी व अस्थाई अतिक्रमण मिलने पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी पर्वत हाड़े पर कार्रवाई की है। इसमें एक वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस दिया है। इसके अलावा जन्म-मृत्यु शाखा में कार्यरत संदीप पिता राजकपूर द्वारा प्रमाण-पत्र ऑनलाइन पेंडिंग रखने पर नोटिस दिया है।

अब मानसून के पहले काम पूरा करने का टारगेट

# सीवरेज कार्य : निगम ने पूरे शहर को खोदा, ऑफिसर्स कॉलोनी में पाइप डालना भूले

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. सीवरेज के चल रहे धीमी गति के काम से आमजन परेशान हो गया है। अब भी शहर में कई क्षेत्र ऐसे है जहां सीवरेज की पाइप लाइन का काम पूरा होना तो दूर, इस काम की शुरुआत भी नहीं हुई है। बड़ी बात यह है कि जब बुधवार को प्रदेश के अधिकारियों ने इस काम की समीक्षा करते हुए बैठक की, तब पता चला की सीवरेज का काम करने वाली कंपनी ने जहां पूरे शहर में खुदाई की, वहीं वीआईपी क्षेत्र ऑफिसर्स कॉलोनी में तो काम करना ही भूल गई। अब इसके बाद हड़कंप मचा हुआ है व मानसून के पहले इस काम को करने की चुनौती है।

शहर में कहने को करीब 19 हजार मकानों में सीवरेज की पाइप लाइन डाल दी गई है, लेकिन

### यहां नहीं डाली पाइप लाइन

| |
|---|
| रेलवे पुलिया के नीचे से 150 मीटर |
| डोसीगांव से शिव नगर वाया औद्योगिक क्षेत्र 1700 मीटर पाईप |
| गोमदड़े की पुलिया से कस्तूरबा नगर तक 850 मीटर पाईप |
| स्टेशन रोड मनोहर होटल गली क्षेत्र में 450 मीटर पाईप |
| कालिका माता एरोकैम फैक्ट्री के पीछे 200 मीटर पाईप |
| मंगलम सिटी मैन रोड पर 320 मीटर पाईप |
| जैन कालोनी में 150 मीटर पाईप |
| कलेक्टर बंगले के सामने 900 मीटर पाईप |

18-6-21

हकीकत यह है कि अब भी शहर में 8 क्षेत्र में 4720 मीटर पाइप लाइन डालना तो दूर सीवरेज काम की खुदाई तक शुरू नहीं हुई है। जिन 38 हजार आवास में पाइप लाइन डालने का दावा किया जा रहा है, वहां भी मुख्य सड़क तक तो पाइप डाली गई है, लेकिन उनको आवासों से फिलहाल जोड़ा नहीं गया है। ऐसे में आवास से जोड़ने के दौरान फिर से शहर में जगह जगह खुदाई होगी।

### पुलियाओं के नीचे अधूरा काम

नगर निगम के सीवरेज कार्य को देखने वाले अधिकारियों के अनुसार इस समय भी शहर में अनेक स्थान पर सीवरेज का काम करना शेष है। पूरे शहर को तो खोद दिया गया, लेकिन वीआईपी क्षेत्र ऑफिसर्स कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्र में अब तक सीवरेज के काम की शुरुआत तक नहीं की गई है। इतना ही नहीं, रेलवे की पुलियाओं के नीचे भी इस काम को करना अब तक अधूरा है। इसके लिए रेलवे की मंजूरी अधूरी है।

पत्रिका

> नगर निगम का प्रयास है कि जल्दी से जल्दी सीवरेज काम को पूरा किया जाए। मानसून करीब है, ऐसे में अधूरे रहे कार्य जल्दी पूरे हो जाए। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

## मेडिकल कॉलेज में 35 मरीज उपचाररत

रतलाम ● शासकीय मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को 35 मरीज भर्ती थे। यहां 515 बेड आज रिक्त हो गए। आज यहां 2 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया तथा 1 मरीज को भर्ती किया गया। आज की स्थिति में कुल 35 मरीज भर्ती है जिनमें से 16 कोरोना संक्रमित है। यह जानकारी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि आज की स्थिति में मेडिकल कॉलेज में रेमडेसिविर कुल प्राप्त 7580, वितरित 1557, कंज्यूम्ड 5961 तथा शेष 62 है।

## 38 क्षेत्रों के 18 हजार 900 हाउस कनेक्शन किए

रतलाम निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने वेबकास के स्टेट टीम लीडर उदय रोमन के साथ नगर के

**▸ सीवरेज कार्य निरीक्षण के बाद स्टेट टीम लीडर ने दी जानकारी**

नवभारत

विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सीवरेज कार्यों का निरीक्षण किया। सीवरेज कार्य शीघ्र कराये जाने व कार्य में आ रही कठिनाईयों को दूर करने हेतु नगरीय प्रशासन विकास के प्रमुख अभियंता द्वारा वेबकास के स्टेट टीम लीडर को भेजा गया। सीवरेज कार्यों में कमी व कठिनाईयों को दूर करने हेतु निरीक्षण उपरांत वेबकास, रेलवे, सेतु निगम, नगर निगम के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में बताया गया कि खेतलपुर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पूर्ण है व कुछ दिनों में प्रारंभ किया जा सकता है। इस अवसर पर बताया गया कि नगर में अब तक 38 क्षेत्रों के 18 हजार 900 हाउस कनेक्शन किये जा चुके हैं शेष कनेक्शन शीघ्र पूर्ण किये जायेंगे ताकि ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़े क्षेत्रों के 100 प्रतिशत घरों का गन्दा पानी प्लांट में आये व उस पानी का ट्रीटमेंट किया जाकर पानी को रीयूज में लाया जा सकें। निगमायुक्त ने रेलवे के डिविजनल इंजीनियर आलोक श्रीवास्तव से चर्चा की कि रेलवे इंस्टीट्यूट से लक्ष्मणपुरा तिराहे तक 250 मीटर, महू रोड बस स्टैण्ड स्थित रेलवे पुलिया के नीचे से 150 मीटर, डोसीगांव से शिव नगर वाया औद्योगिक क्षेत्र 1700 मीटर व गोमदड़े की पुलिया से कस्तूरबा नगर तक 850 मीटर पाईप लाईन बिछाया जाना शेष है जिसे शीघ्र पूरा किया जाकर नगर को गन्दे पानी की समस्या से मुक्त किया जाना है। श्रीवास्तव ने वरिष्ठ कार्यालय व अधिकारियों से चर्चा कर भूमि उपयोग शुल्क का आंकलन कर प्रेषित करेंगे व शुल्क जमा कराये जाने के बाद कार्य की अनुमति दी जायेगी। बैठक में आरई संदीप बाथम, एआरआई उज्जैन मोहित शर्मा, फील्ड इंजीनियर वैभव शर्मा, गिरिशसिंह सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री राजेश पाटीदार, दीक्षा निजामपुरकर, निज सहायक सुभाष गोयल आदि उपस्थित थे।

# रेस्टोरेंट्स : 6 सीट वाली टेबल पर तीन व चार वाली पर दो ही कर सकेंगे भोजन

## 50 प्रतिशत क्षमता का पालन करवाने के लिए जांच दल ने दी समझाइश

### दो दिन बाद करेंगे चेकिंग, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

अनलॉक के चौथे चरण में मिली छूट के बाद गुरुवार से रेस्टोरेंट चालू हो गए। इनमें एक समय में क्षमता से सिर्फ 50 प्रतिशत लोगों को बैठाकर भोजन या नाश्ता करा सकेंगे। सख्ती से पालन के लिए गुरुवार को अफसरों की टीम ने रेस्टोरेंट में चेकिंग की। संचालकों को समझाइश देने के साथ 50 प्रतिशत नियम का पालन करवाने के लिए टेबल पर रेड क्रॉस लगाए। इसके मुताबिक 6 सीट वाले टेबल पर तीन, चार वाली पर दो और दो वाली एक व्यक्ति ही बैठकर भोजन कर सकेगा। रेस्टोरेंट वालों को ध्यान रखना होगा कि व्यक्ति जिग-जेग में बैठाएं। इससे सोशल डिस्टेंसिंग रहेगी। दो दिन बाद टीम चेकिंग करेगी। नियम का उल्लंघन मिला तो संचालक पर कार्रवाई होगी।

### शहर के 7 रेस्टोरेंट की टेबलें जांचकर लगाए लाल निशान



स्वाद रेस्टोरेंट पर 50 रेड मार्क लगवाते एसडीएम गेहलोत। 18-6-21

एसडीएम अभिषेक गेहलोत के साथ निकली टीम ने गुरुवार को स्वाद रेस्टोरेंट, समता सागर, व्यास दाल बाटी, श्रीराम, तिवारी भोजनालय की व्यवस्था देखी। इस दौरान टेबल पर लोगों को कैसे बैठाना बताया। शुक्रवार को बाकी के रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया जाएगा। टीम में एडीएम जमुना भिड़े, तहसीलदार अनिता चकोटिया, नायब तहसीलदार नवीन गर्ग, पूजा भाटी सहित अन्य शामिल रहे।

**रोको टोको अभियान में मास्क बांटे** बिना मास्क के घूम रहे लोगों को रोकने के लिए जन अभियान परिषद ने रोको टोको अभियान चला रखा है। इसमें मास्क की जगह गमछा, रुमाल या दुपट्टा बांधने वालों को रोककर मास्क लगाने को लेकर समझाइश दी। साथ ही मास्क दिए। अभियान कोर्ट चौराहा, दो बत्ती, डालू मोदी बाजार पर चलाया गया।

**दो दिन निरीक्षण करेंगे** - गुरुवार को कुछ रेस्टोरेंट का निरीक्षण कर 50 प्रतिशत क्षमता का पालन करने के लिए संचालकों को समझाइश दी है। एक-दो दिन बाद चेक करने निकलेंगे। नियमों का उल्लंघन मिले तो कार्रवाई करेंगे। शहरवासियों और दुकानदारों को गाइडलाइन का पालन करना जरूरी है।
**अभिषेक गेहलोत**, एसडीएम

---



## न्यूज गैलरी

### नालों से जेसीबी से निकाली गाद

रतलाम। शहर में वर्षाकाल के पहले नगर निगम द्वारा नाले-नालियों की सफाई का कार्य किया जा रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा विनोबा नगर, जवाहर नगर मुक्तिधाम, मोती नगर, धनजी भाई के नोहरे से चांदनी चौक तक के नाले की सफाई का कार्य स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह के निर्देशन में जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर-ट्राली व गैंग के माध्यम से किया गया। सफाई उपरांत नालों व नालियों में कैरोसिन व ब्लीचिंग कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया।

### गंदगी फैलाने पर तीन लोगों से वसूला जुर्माना

रतलाम। खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पाट फाइन दल द्वारा मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में 26 दुकानदार व नागरिकों पर जुर्माना किया गया। गौरव बेकरी, बुरहानी ग्लास शहर सराय, ऋदम इलेक्ट्रानिक नाहरपुरा से गंदगी करने पर 200-200 रुपये का स्पाट फाइन वसूल कर भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी गई।

### पांच मवेशियों को गौशाला भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 952 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा जा चुका है। गुरुवार को निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पांच मवेशियों को पकड़ा गया।

### 57 आयुष्मान कार्ड बनाए

रतलाम। आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना अंतर्गत शहर के पात्र हितग्राहियों के निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। वार्डों के कामन सर्विस सेंटरों पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में अब तक 1806 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। गुरुवार को 57 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

**निरीक्षण** • आनंद कॉलोनी रोड का काम देख मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट ठेकेदार को चेताया

# कलेक्टर बोले-रोड का काम ढंग से पूरा नहीं किया गया तो भुगतान रोकने के लिए लिखूंगा

## 12 मीटर चौड़ी सड़क के दोनों तरफ फुटपाथ भी बनाया जाना है

भास्कर संवाददाता | रतलाम 18-6-21

बुधवार से बनना शुरू हुई कॉन्वेंट स्कूल से कालिका माता पुलिया तक की सड़क का काम देखने गुरुवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम पहुंचे। कलेक्टर ने ठेकेदार कंपनी आर्यवृत्त प्रोजेक्ट एंड डेवलपर्स के ठेकेदार को तलब कर लिया था। पैदल निर्माण कार्य देखने और सड़क की नपती करवाने के बाद कलेक्टर ने ठेकेदार को चेतावनी दी कि पूरी रोड बनने के बाद चेक करूंगा। क्वॉलिटी से काम नहीं किया तो नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पेमेंट रोकने के लिए लिखूंगा। बता दें कि बारिश से ठीक पहले ठेकेदार द्वारा सड़क बनाना शुरू किया है। इसमें भी ग्रेडिंग, डामर मिश्रण का ध्यान नहीं रखा जा रहा।

दैनिक भास्कर द्वारा मामले उठाए जाने के बाद गुरुवार को कलेक्टर ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गेहलोत और इंजीनियरों के साथ निरीक्षण किया। आयुक्त झारिया ने बताया सड़क 12 मीटर चौड़ी बनना है। दोनों तरफ फुटपाथ भी बनना है। इसके लिए स्कूल तिराहे पर तो पर्याप्त जगह है, लेकिन आगे जाकर एक जगह पर 3 मीटर तथा एक अन्य जगह पर 4 मीटर जगह कम पड़ रही है। इसके लिए कालिका माता बगीचे की जमीन को अंदर की तरफ शिफ्ट किया जाएगा। बिजली के पोल भी शिफ्ट करेंगे। कलेक्टर ने पहले नई बाउंड्रीवॉल की जगह पतरों की फेंसिंग करके पुरानी तोड़ने और नई बाउंड्रीवॉल पुरानी डिजाइन के अनुसार ही बनाए। इसका खर्च प्रोजेक्ट ठेकेदार कंपनी आर्यवृत्त कंपनी देगी।



कॉन्वेंट स्कूल से बनना शुरू हुई सड़क का कलेक्टर पैदल निरीक्षण करते हुए।

### कालिका माता का बगीचा विकसित किया जाएगा

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कालिका माता मंदिर के सामने वाले गार्डन की स्थिति देखकर कहा कि इस गार्डन को विकसित किया जाए। कंसल्टेंट से कार्ययोजना बनवाए। कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जीके जायसवाल, सत्यप्रकाश आचार्य, सहायक यंत्री श्याम सोनी, एमपी अर्बन डवलपमेंट कंपनी के इंजीनियर भी मौजूद रहे।

### ऊंकाला रोड की सड़क 15 जुलाई तक कर दूंगा तैयार

निरीक्षण के दौरान ठेकेदार ने कलेक्टर को भरोसा दिलाया कि ऊंकाला रोड 15 जुलाई तक तैयार कर दूंगा। अभी रोड पर साइडिंग का काम चल रहा है। कुछ हिस्से में सालभर पहले सीसी रोड भी बनाई जा चुकी है। बाकी काम अधूरा पड़ा है।

▪ अभी तो सड़क का बेस तैयार हो रहा है। पूरी बनने के बाद चेक करेंगे। क्वालिटी अच्छी नहीं मिली तो भुगतान रोकने की कार्रवाई करेंगे। ठेकेदार कंपनी के मालिक को भी बुला लिया था। उन्हें ठीक से काम करने के लिए कहा है।

**कुमार पुरुषोत्तम**, कलेक्टर